भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1567**

उत्तर देने की तारीख 13.02.2025

**जनजातीय क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने की योजनाएं**

†**1567. श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः**

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कौन-सी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं;

(ख) सरकार द्वारा गत पांच वर्षों के दौरान उक्त योजनाओं के लिए राज्यवार कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में इस संबंध में क्या कार्य किए गए हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (ख)** जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) दो मुख्य संस्थाएं हैं जो जनजातीय समुदायों के बीच आजीविका सृजन और रोजगार को बढ़ावा देने में लगी हुई हैं।

'प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन (पीएमजेवीएम)' की योजना के तहत, ट्राइफेड ने जनजातीय उद्यमिता पहलों को सुदृढ़ करने और अधिक कुशल, न्यायसंगत, स्व-प्रबंधित, प्राकृतिक संसाधनों के इष्टतम उपयोग, कृषि/लघु वन उपज (एमएफपी)/गैर-कृषि उपज को बढ़ावा देकर आजीविका के अवसरों को सुविधाजनक बनाने की परिकल्पना की है। इस योजना के अंतर्गत, वन धन विकास केन्द्रों (वीडीवीके) जो एमएफपी/गैर-एमएफपी के मूल्यवर्धन गतिविधियों के केन्द्र हैं, प्रत्येक वन धन विकास केन्द्र की स्थापना के लिए राज्य सरकारों को 15.00 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। 2019-20 से 11.83 लाख लाभार्थियों को जोड़ने वाले 3958 वीडीवीके की स्थापना के लिए 587.36 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक I** में दिया गया है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी), जो जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत एक केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है, जो विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आय सृजन करने की गतिविधियों/स्वरोजगार लिए पात्र अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को रियायती ऋण प्रदान करके क्रेडिट लिंकेज प्रदान करता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान, एनएसटीएफडीसी ने एनएसटीएफडीसी की विभिन्न योजनाओं के तहत 6,23,605 जनजातीय लाभार्थियों को 1577.12 करोड़

रुपये की धनराशि वितरित की है। इनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक II** में दिया गया है।

उपर्युक्त के अलावा, सरकार जनजातीय क्षेत्रों सहित रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए), दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), 10,000 एफपीओ का गठन एवं संवर्धन, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग का डेयरी विकास, मत्स्य पालन विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना को औपचारिक रूप देना, श्रम और रोजगार मंत्रालय की आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय का प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, वस्त्र मंत्रालय का राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम आदि जैसी अनेक योजनाएं/कार्यक्रम भी कार्यान्वित करती रही है।

(ग) पिछले तीन वर्षों में, ट्राइफेड ने राजस्थान राज्य में 87, 511 लाभार्थियों को जोड़ते हुए 290 वीडीवीके स्वीकृत किए हैं और एनएसटीएफडीसी ने पिछले तीन वर्षों में 3329 जनजातीय लाभार्थियों को 20.10 करोड़ रुपये की धनराशि के ऋण वितरित किए हैं।

*****

**अनुलग्नक I**

**“जनजातीय क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने की योजनाएं” के संबंध में श्री चन्द्र प्रकाश जोशी द्वारा दिनांक 13.02.2025 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1567 के उत्तर के लिए भाग (क) से (ख)के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक I**

**2019-20 से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को स्वीकृत वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके) का विवरण**

| क्रम सं. | राज्य | स्वीकृत वीडीवीके की कुल संख्या | वीडीवीके लाभार्थियों की कुल संख्या | स्वीकृत राशि (लाख रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 415 | 123578 | 6,162.90 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 106 | 32897 | 1590 |
| 3 | असम | 471 | 143309 | 7065 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 139 | 41700 | 2085 |
| 5 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | 1 | 302 | 15 |
| 6 | गोवा | 10 | 3000 | 150 |
| 7 | गुजरात | 200 | 57968 | 2895.65 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 4 | 1110 | 55.5 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 100 | 29791 | 1457 |
| 10 | लद्दाख | 10 | 3000 | 150 |
| 11 | झारखंड | 146 | 43701 | 2174.7 |
| 12 | कर्नाटक | 140 | 41748 | 2087.4 |
| 13 | केरल | 44 | 12038 | 597.25 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 126 | 37860 | 1890 |
| 15 | महाराष्ट्र | 264 | 79350 | 3960 |
| 16 | मणिपुर | 200 | 60403 | 2996.8 |
| 17 | मेघालय | 169 | 50835 | 2534.1 |
| 18 | मिजोरम | 259 | 76168 | 3806.55 |
| 19 | नागालैंड | 284 | 85198 | 4259.9 |
| 20 | ओडिशा | 170 | 50094 | 2479.25 |
| **21** | **राजस्थान** | **479** | **144803** | **7135.6** |
| 22 | सिक्किम | 80 | 23381 | 1169.05 |
| 23 | तमिलनाडु | 8 | 2400 | 120 |
| 24 | तेलंगाना | 17 | 5100 | 255 |
| 25 | त्रिपुरा | 57 | 16116 | 776 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 25 | 7238 | 359.55 |
| 27 | उत्तराखंड | 12 | 3605 | 179.95 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 22 | 6719 | 329.35 |
| **कुल** | | **3958** | **1183412** | **58,736.50** |

**अनुलग्नक II**

**“जनजातीय क्षेत्रों में रोजगार को बढ़ावा देने की योजनाएं” के संबंध में श्री चन्द्र प्रकाश जोशी द्वारा दिनांक 13.02.2025 को उठाए गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1567 के उत्तर के लिए भाग (क) से (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक I**

**पिछले पांच वर्षों (2023-24 तक) में एनएसटीएफडीसी की योजनाओं के अंतर्गत सहायता प्राप्त लाभार्थियों और उन्हें वितरित ऋणों का राज्य-वार विवरण**

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | वितरित ऋण (करोड़ में) | लाभार्थी |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 171.06 | 55705 |
| 2 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2.45 | 7501 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 25.10 | 10426 |
| 4 | असम | 1.03 | 212 |
| 5 | बिहार | 0.15 | 958 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 30.52 | 6676 |
| 7 | दादरा एवं नगर हवेली | 0.05 | 6 |
| 8 | गोवा | 0.00 | 1 |
| 9 | गुजरात | 76.89 | 36453 |
| 10 | हरियाणा | 0.00 | 0 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 1.27 | 201 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 37.86 | 1361 |
| 13 | झारखंड | 37.44 | 32501 |
| 14 | कर्नाटक | 69.62 | 8817 |
| 15 | केरल | 22.32 | 1641 |
| 16 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 174.43 | 33198 |
| 18 | महाराष्ट्र | 45.96 | 11649 |
| 19 | मणिपुर | 3.23 | 296 |
| 20 | मेघालय | 78.72 | 40731 |
| 21 | मिजोरम | 273.87 | 30504 |
| 22 | नागालैंड | 54.25 | 149187 |
| 23 | ओडिशा | 69.76 | 84849 |
| **24** | **राजस्थान** | **65.27** | **9986** |
| 25 | सिक्किम | 4.32 | 164 |
| 26 | तमिलनाडु | 44.09 | 16723 |
| 27 | तेलंगाना | 190.13 | 54311 |
| 28 | त्रिपुरा | 49.31 | 5530 |
| 29 | उत्तराखंड | 2.23 | 277 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 0.05 | 8 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 45.78 | 23733 |
|  | **कुल** | **1577.12** | **623605** |

*****